सत्यमेव जयते

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
पोत परिवहन मंत्रालय / MINISTRY OF SHIPPING
नौवहन महानिदेशालय / DIRECTORATE GENERAL OF SHIPPING
"बिटा बिल्डिंग", 9 वी मंजिल / "BETA BUILDING", 9th FLOOR
आय-थिंक टेक्नो कैम्पस / I-THINK TECHNO CAMPUS
कांजुर गाँव रोड / KANJUR VILLAGE ROAD
कांजुर मार्ग (ईस्ट) / KANJUR MARG(EAST)
मुंबई - 400 042 / MUMBAI – 400 042

टेलीफोन: 022-25752040/1/2/3
फैक्स: 022 – 25752029 / 35
ई-मेल: dgship-dgs@nic.in
वेब: www.dgshipping.gov.in

Tele: 022–25752040/1/2/3
Fax: 022 – 25752029 / 35
E-mail: dgship-dgs@nic.in
Web: www.dgshipping.gov.in

एसडी-4(टनभार)-1/2013 दिनांक : 08/05/2014

एसडी परिपत्र संख्या – 1/2014

वाणिज्यिक सूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) कोलकाता, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत भारत के वाणिज्य (एक्जिम) आयात-निर्यात के सांख्यिकी एवं इससे संबंधित वाणिज्यिक सूचना के संग्रह, संकलन और प्रसार हेतु अधिकृत सरकारी संगठन हैं । ऐसे सांख्यिकी एवं सूचनाओं को डीजीसीआई एंड एस द्वारा विभिन्न व्यापारिक उत्पादों एवं समुन्द्र व्यापार/ वाणिज्यिक पोतों के लिए आईटीसी शीर्ष के अंतर्गत बनाया जाता है । इस संदर्भ में डीजीसीआई एंड एस को निर्धारित प्रपत्र में भारतीय ध्वज वाणिज्यिक पोतों की खरीद एवं बिक्री और लेने-देन के मूल्यों पर आंकड़ों की आवश्यकता होती है जिसे विभिन्न हितधारियों और सरकारी अभिकर्ताओं के लाभ के लिए विभिन्न व्यापार संबंधी आंकड़े-उन्मुखी सूचनाओं को प्रकाशित किया जा सके । अत: डीजीसीआई एंड एस द्वारा संकलन एवं प्रकाशन महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी है । इस उद्देश्य के लिए डीजीसीआई एंड एस द्वारा निर्धारित उक्त प्रपत्र की प्रतिलिपि संदर्भ के लिए संलग्न की जाती है । (अनुलग्नक : 1 पृष्ठ)

तदनुसार, सभी भारतीय ध्वज नौवहन कंपनियों को एतदद्वारा सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने जलयानों के बारे में बिक्री एवं खरीद, लेन-देन से संबंधी उपरोक्त आंकड़े उक्त प्रपत्र में सीधे डीजीसीआई एंड एस कोलकाता को मासिक आधार पर प्रत्येक अगले महीने की 10 तारीख तक भेजें और इसकी सूचना इस कार्यालय को भी दें ।

यह नौवहन महानिदेशालय एवं पदेन अपर सचिव, भारत सरकार के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

(गिरधारी लाल सिंह)
संयुक्त निदेशक (एस.डी.)

संलग्न : यथोक्त

I.सेवा में,

1. सभी भारतीय ध्वज नौवहन कंपनियां
2. भारतीय राष्ट्रीय पोत स्वामी एसोसिएशन (इन्सा), मुंबई
3. भारतीय कोस्टल कॉन्फेरेंस पोत स्वामी एसोसिएशन, मुंबई

II. वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार, कोलकाता को सूचनार्थ प्रेषित । 565, आनंदपुर, वार्ड सं.108, प्लॉट सं. 22, सेक्टर-I, कोलकाता-700 107, पश्चिम बंगाल.

कृ.पृ.प.

अनुलग्नक –I

क्र.सं.	माह	पोतो/जलयानों का विवरण	आईटीसी(एचएस) कोड नं.	मात्रा	मूल देश	सीआईएफ मूल्य